**Regarding need to run Rajdhani Express via Forbesganj, Raghopur and Darbhanga on newly developed Galgalia  Araria Section in Bihar-laid**

श्री दिलेश्वर कामैत **(सुपौल) :** डिब्रूगढ़ से नयी दिल्ली वाया कटिहार-बरौनी एवं वाया कटिहार-हाजीपुर होकर तीन राजधानी एक्सप्रेस(12423 / 12424 -20503 / 20504 -20505 / 20506) का परिचालन किया जाता है I उक्त तीनो में से किसी एक राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन नवनिर्मित गलगलियाअररिया रेलखंड होते हुए फारबिसगंज, राघोपुर तथा दरभंगा के रूट से परिचालन होने से आसाम,बंगाल, बिहार एवं उत्तर प्रदेश के कई जिलों तथा सीमावर्ती क्षेत्र की जनता को इसका सीधा लाभ मिलेगा तथा रेलवे के राजस्व में वृद्धि भी होगी I वर्तमान में उक्त ट्रेन का परिचालन कटिहारबरौनी रेलखंड होकर किया जाता है, जबकि यह रेलखंड पूर्व से ही अत्यधिक परिचालन दबाव का सामना कर रहा है । अतः माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि जनहित में तीनो में से किसी एक राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन नवनिर्मित गलगलियाअररिया रेलखंड होते हुए फारबिसगंज, राघोपुर तथा दरभंगा के रूट से करने की कृपा की जाए I